**भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर -2026-27**

| | | |
|---|---|---|
| **कक्षा-10** | **विभाग: हिंदी** | **Date – 22.07.26** |
| **STUDY MATERIAL-3** | **सूचना लेखन** | **Note: Pl. file in portfolio** |

**नाम: ____________________अनुभाग: _____अनुक्रमांक: _____दिनांक: ___________**

## सूचना लेखन

- दिनांक और स्थान के साथ भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों आदि के विषय में दी गई लिखित जानकारी 'सूचना' कहलाती है।
- सूचना दो प्रकार की हो सकती है – सुखद और दुखद।
- सुखद सूचना – खेल, प्रतियोगिता, समारोह आदि।
- दुखद सूचना – शोक सभा, क्रियाकर्म आदि।
- सूचना लेखन अधिकतर कर्मवाच्य वाक्य में लिखा जाता है।
- सूचना प्रायः तीन या चार वाक्यों में लिखी जानी चाहिए।
- सूचना पूर्ण और आसानी से समझ में आने वाली होनी चाहिए।
- सूचना सरल शब्दों में लिखी जानी चाहिए।
- सूचना की भाषा प्रभावपूर्ण और मर्यादित शब्दों में लिखी जानी चाहिए।
- सूचना की लिखावट पठनीय होनी चाहिए।
- सूचना देने वाले का नाम या स्थान विशेष की जानकारी होनी चाहिए।
- सूचना देने वाले के हस्ताक्षर और दिनांक अवश्य लिखा जाना चाहिए।

1. आपके विद्यालय में हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इसमें भाग लेने हेतु साहित्यिक समिति के सचिव की ओर से कक्षा 6-10 के सभी विद्यार्थियों के लिए एक सूचना पत्र तैयार कीजिए।

च छ ज विद्यालय, नेहरु नगर, नई दिल्ली

2 अगस्त, 2026. (कक्षा 6-10 के छात्रों के लिए)

**सूचना**

कविता वाचन प्रतियोगिता

कक्षा 6-10 के छात्रों को सूचित किया जाता है कि हमारे विद्यालय में हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है । विवरण इस प्रकार है –

दिन & दिनांक – सोमवार 17 अगस्त, 2026.

समय – सुबह 10 बजे से 12 बजे तक

विषय – देशभक्ति पर आधारित कविताएँ

स्थान – सभागार

इच्छुक छात्र अपना नाम श्री.मनोज तिवारी को दें । नाम जमा करने की अंतिम तिथि –10 अगस्त 2026.

अ.ब.स
सचिव- साहित्यिक समिति

II.श्रद्धानंद गार्डन कल्याण समिति, मुंबई की ओर से कॉलोनी के समस्त निवासियों के लिए यह सूचना तैयार कीजिए कि दिनांक 5 अगस्त 2026 को पानी की लाइनों की सफ़ाई के कारण प्रातः 6:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक पानी नहीं आएगा –

**श्रद्धानंद गार्डन कल्याण समिति, मुंबई**

2 अगस्त, 2026 (श्रद्धानंद गार्डन के निवासियों के लिए)

**सूचना**

जल आपूर्ति में कटौती

कॉलोनी के समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि पानी की पाइप लाइनों की सफ़ाई के कारण दिनांक 5 अगस्त, 2026 को प्रातः 6:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक पानी की आपूर्ति बंद रहेगी । असुविधा के लिए खेद है –

अ.ब.स
सचिव- श्रद्धानंद गार्डन कल्याण समिति